तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 26 जून 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर मना संविधान...



14 यादव समाज ने दादरपुर कि घटना को लेकर...



## खबर संक्षेप



### प्रचार रथ को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कांकेर।** जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का बारहवां चरण 25 जून से 24 जुलाई तक चलाया जाएगा। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला कार्यालय परिसर से मलेरिया मुक्त अभियान प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया ने बताया कि जिले के विकासखण्ड अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, दुर्गुकोंदल एवं कोयलीबेड़ा के 22 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 96 उप स्वास्थ्य केन्द्रों के 272 ग्रामों में कुल 125215 जनसंख्या एवं 194 ग्राम पंचायतों एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्र को शामिल किया गया है। उन ग्रामों में स्वास्थ्य कर्मी द्वारा घर-घर जाकर सभी व्यक्तियों की खून जांच की जाएगी तथा पॉजिटिव पाए जाने पर तत्काल उपचार किया जाएगा।

### नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित नशे से बचने के बताए गए उपाय



**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम हाराडुला के शाउमावि में ब्रह्माकुमारीज संचालिका बीके रामा दीदी ने सभी विद्यार्थियों को वर्तमान की ज्वलंत समस्या नशे के दुष्प्रभाव और नशे से स्वयं को बचाने के उपाय बताया। विद्यार्थियों ने नशा मुक्त चित्र, भाषण, गीत प्रतियोगिता में भाग लिया। ब्रह्माकुमारीज चारामा की संचालिका बीके यूस दीदी ने सबको नशा मुक्त रहने और नशा मुक्त करने के लिए संकल्प कराया एवं नशा मुक्त के नारे लगाए। इस अवसर पर संस्था के सदस्य देवसाय देवांगन, कृष्णा देवांगन, रीता वर्मा और शिक्षक मोनिका शुक्ला, मंजुला गोटी, उर्वशी साहू, पीपी साहू, शिवराम सिन्हा, गणपत साहू, हलधर साहू, गंगादास टंडन व आशुतोष वर्मा उपस्थित रहे।

### खाद नहीं मिलने से आक्रोशित किसानों ने किया चक्काजाम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर मार्ग पर स्थित ग्राम मरकाटोला में किसानों ने खाद नहीं मिलने से आक्रोशित होकर चक्काजाम कर दिया। किसानों ने बताया कि सहकारी समितियों का लगातार चक्कर काट रहे है। मौके पर पुलिस ने पहुँचकर समझाने का प्रयास किया। समय रहते खाद की व्यवस्था नहीं की गई तो बुवाई प्रभावित हो सकती है।

### शिवसेना ने रानी दुर्गावती को याद कर मनाया शहीदी दिवस

**भानुप्रतापपुर।** गोंडवाना राज्य की रानी दुर्गावती जिन्होंने मुगलों से लोहा लेकर हिंदुस्तान की रक्षा में अपना सर्वस्त्र बलिदान कर दिया। उनके शहादत दिवस 24 जून को शिवसेना द्वारा पूरे भारत वर्ष में उन्हें याद किया गया। भानुप्रतापपुर में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने रानी दुर्गावती के शहीद दिवस पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी पूजा अर्चना कर उनके बताए गए कदमों पर चलते हुए राष्ट्र की रक्षा का संकल्प लिया एवं एक गोष्ठी का आयोजन करके आम जनता को बताया कि जो समाज, जो देश अपने इतिहास को याद कर उससे प्रेरणा नहीं लेता वह आगे गुलामी की ओर अग्रसर बढ़ता ही जाता है, इसलिए हमारे पूर्वजों ने जिस प्रकार की हमारी मुगलों से, अंग्रेजों से आजादी दिलाई उसकी हमें रक्षा करते हुए भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाना है। पूरे भारत से अन्यय, अत्याचार ,शोषण, भ्रष्टाचार, जाती, पाती, भेदभाव खत्म कर शेष पेज 12 पर

---

**लापरवाही :** नालियों पर सामग्री रखे जाने के कारण दुर्घटना की रहती है आशंका

# शहर व सीमा से लगे क्षेत्रों में सड़क किनारे चल रहीं दुकानों पर नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

**खास बातें**
- अवैध ढंग से सड़क किनारे दुकानों का खेल अनवरत जारी
- नगरपालिका, राजस्व अमला और यातायात विभाग में नहीं बन पा रहा समन्वय

शहर और सीमा से लगे ग्रामीण इलाकों में दुकानदार दुकान का सामान नालियों और सड़क किनारे सामान रखकर व्यापार कर रहे है। इसके अलावा कई लोगों ने सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण करके दुकान चला रहे है। कई लोग अपने आपको गरीब बताकर दुकान सजाए रहते है। सड़क किनारे दुकानें सजने से दुर्घटना की संभावना और जाम की स्थिति सदैव बनी रहती है। नगरपालिका, राजस्व एवं यातायात विभाग में समन्वय नहीं बन पाने के कारण कार्रवाई नहीं हो पा रही है। बारिश का समय है, ऐसे में वाहनों के स्लिप होने की संभावना बढ़ जाती है, जिसके कारण दुर्घटना की संभावानाएं भी बढ़ जाती है।

जानकारी के अनुसार शहर में जेल के पास, कन्या स्कूल के पास, कांकेर के ज्ञानी चौक के आगे मटन की दुकानें, गोविंदुपर साईड में कई दुकानदार नाली पर दुकानें सजा चुके है। पाथवे के साइड से बनी नालियों पर प्रतिदिन दुकानें सजती रहती है। जेल के आजू बाजू दुकानें सज रही हैं। जेल संवेदनशील संस्थान होने के कारण भी इस तरह की सज रही दुकानों को नहीं हटाना कभी भी खतरा साबित हो सकता है। विगत समय जेल की रैकी करते हुए दो लोगों को पुलिस ने दबोचा भी था। वे नक्सलियों के मददगार निकले थे। जेल में कई नक्सली अंदर है, उसके बावजूद जेल के गेट से लगकर सजी दुकानों को हटाने के लिए जेल प्रबंधन के अलावा अन्य प्रबंधन भी गंभीर नजर नहीं आ रहा है। कन्या स्कूल जहाँ पर शहर की बालिकाएं पढ़ने के लिए पहुँचती है, उसके आजू बाजू दुकानें सज रही है। जबकि डोम एवं शेष पेज 12 पर





### सड़क किनारे अवैध ढंग से चल रहा मटन मार्केट



कांकेर के ज्ञानी चौक के आगे शहर किनारे मटन मार्केट भी अवैध ढंग से सज चुका है, इन दुकानों को हटाने के लिए कई बार आसपास के लोगों ने प्रशासन को शिकायत की गई है। परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। बदबू के कारण मुख्य मार्ग से गुजरना मुश्किल हो गया है। इन दुकानदारों के द्वारा अवैध ढंग से दुकानें चलाई जा रही है। शिकायत होने के बाद भी कार्यवाही नहीं होने के कारण दुकानदारों के हौसले बढ़े हुए है, वहीं जिम्मेदार अधिकारियों ने मौन साध लिया है।

### सड़क किनारे दुकान नहीं लगाने की अपील की

अनुविभागीय अधिकारी अरूण वर्मा ने कहा कि अवैध ढंग से दुकान लगाने की शिकायतें मिली है। ऐसे दुकानों को चिन्हांकन कर कार्रवाई किया जाएगा और नियमित मानिटरिंग किया जाएगा, जिससे दुबारा दुकानें न लग सके। सड़क किनारे सब्जी की दुकान लगानें वालों से अपील है कि बाजार स्थल पर ही सब्जी लगाए। सड़क किनारे दुकाने लगाने से यातायात प्रभावित होता है और साथ ही एक्सीडेंट की संभावना बनी रहती है। वर्षा ऋतु प्रारंभ हो चुकी है, ऐसे में नालियों में अतिक्रमण नहीं करें। नगर पालिका और राजस्व विभाग के माध्यम से परीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किया जाएगा

---

# बोलेरो और ट्रैक्टर में भिड़ंत होने से वाहन हुए क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



पीव्ही 23 लखनपुर में किराना दुकान के सामने बोलेरो और ट्रैक्टर में भिड़त हो जाने से दोनो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए है। शिकायत पर दोनों वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

पखांजूर थाना में शिकायत करने पहुँचे पीव्ही 64 श्रीपुर निवासी 46 वर्षीय उदय हवलादार पिता स्व. उपेन हवलादार ने पुलिस को बताया कि 23 जून को ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 19 बीटी 4709 को स्वयं चलाते हुए अपने काम से पीव्ही 23 लखनपुर जा रहा था। ग्राम पीव्ही 23 लखनपुर संतोष मांझी के किराना दुकान के सामने रात्रि करीब साढ़े 8 बजे पहुंचा था कि विपरित दिशा से आ रही बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 09 जेई 6348 के चालक अर्जुन अधिकारी निवासी बांदे थाना बांदे ने अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे ट्रैक्टर वाहन को ठोकर मार दिया। जिससे मेरे ट्रैक्टर वाहन का इंजन टूटकर दो भागों में हो गया है। ट्रैक्टर का इंजन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक्सीडेंट को ग्राम पीव्ही 23 के लोग देखे है। पुलिस ने आरोपी बोलेरो वाहन चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। दूसरे पक्ष से बांदे स्कूलपारा निवासी 26 वर्षीय अर्जुन अधिकारी पिता आसिम अधिकारी ने पुलिस को बताया कि 23 जून की सुबह काम से अपने ससुराल ग्राम पीव्ही 23 लखनपुर बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 09 जेई 6348 से आया था। ससुराल से घर बांदे वापिस जाते समय रात्रि करीब साढ़े 8 बजे ग्राम पीव्ही 23 के संतोष मांझी के किराना दुकान के सामने पहुंचा था।

उसी समय विपरित दिशा से आ रही ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 19 बीटी 4709 के चालक उदय हवलादार निवासी पीव्ही 64 श्रीपुर के चालक द्वारा ट्रैक्टर वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे बोलेरो वाहन को ठोकर मार दिया, जिससे मेरे बोलेरो वाहन सामने से क्षतिग्रस्त हो गया। बोलेरो के चालक की शिकायत पर ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

---

# मावलीपारा में धर्म परिवर्तन कर चुके परिवार को मूल धर्म में कराया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोरर



कोकानपुर के मावलीपारा में धर्म परिवर्तन कर चुके परिवार कुशल दर्रो व उनकी धर्मपत्नी अधनतिन दर्रो को पुनः समाज गोड़वाना समाज में शामिल कराया गया। जिसमें ग्राम पटेल माखन मंडावी, गोड़वाना समाज के पदाधिकारी एवं ग्रामवासियों के अथक प्रयास से अपने मूल धर्म में शामिल करवाया जा सका।

कोरर के ग्राम कोकानपुर के मावलीपारा में गोड़वाना समाज के परिवार कुशल दर्रो व उनकी धर्मपत्नी अधनतिन दर्रो ने धर्म परिवर्तन कर लिया था। धर्म परिवर्तन के बाद समाज के पदाधिकारीयों एवं ग्रामवासियों के अथक प्रयास से धर्म परिवर्तन कर गोड़वाना समाज के परिवार को पुनः अपने समाज में शामिल किया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल ने हर्ष व्यक्त करते उस परिवार को बधाई दिया एवं धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों को अपने धर्म में पुनः वापिस लौटने का आग्रह किया।

इस अवसर पर समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष विष्णु कावड़े, राजेश दर्रो, सोमनाथ उइके, विनय मंडावी, विशाल दर्रो, भारत तेता, रजमन कतलाम, सुखदु राम मंडावी, अमर मतलाम, शिव तेता, साधे तेता, चेतन उइके, जानकी दुग्गा, विमला तेता, राजेश्वरी दुग्गा एवं समस्त गोड़वाना समाज व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# किसानों की डीएपी खाद की समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजुर



परलकोट क्षेत्र के आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में किसानों को डीएपी खाद नहीं मिलने और खुले बाजार में अधिक कीमतों पर नकली खाद बिकने के विरोध में पखांजूर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में उपस्थित रूप सिंह पोटाई ने कहा किसानों के धान की फसल के लिए डीएपी खाद अत्यंत आवश्यक होता है, लेकिन इसकी अनुपलब्धता के कारण किसान खुले बाजार से अत्यधिक मूल्य पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। इसके साथ ही, खुले बाजार में नकली खाद की बिक्री की खबरें भी सामने आ रही हैं, जिससे किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। इन समस्याओं के विरोध में पखांजूर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में नया बाजार पखांजूर आदिम जाति सहकारी समिति के सामने धरना दिया गया। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध कराने और खुले बाजार में नकली खाद की बिक्री पर रोक लगाने की मांग किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

धरना प्रदर्शन में अमर मंडल, निलक्सी बिस्वास, हषित मृधा, निहार सरकार, दिलीप बिस्वास, भुवन बड़ाई, बिकाश मंडल, गोपाल कुंडू, सुभासिस साना, बिक्रम मल्लिक, शेष पेज 12 पर

# बारिश से आम जनजीवन को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- कृषि गतिविधियों में आई तेजी



कांकेर जिले में पिछले दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। जहां एक ओर भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है, वहीं लंबे समय से वर्षा का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। जिले में हुई दो दिनों की वर्षा ने जहां आम जनजीवन को राहत दी है, वहीं कृषि गतिविधियों में भी नई जान फूंक दी है। मंगलवार 25 मई की सुबह रिमझिम बारिश हुई और दो दिनों की बारिश के बाद से तापमान में करीब 6-7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को गर्मी और उमस से काफी राहत मिली है। शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी अच्छी बारिश हुई है। बारिश का सबसे बड़ा फायदा किसानों को हुआ है। खरीफ सीजन की बुआई की तैयारी कर रहे किसान अब तेजी से खेतों में जुट गए हैं। पानी की उपलब्धता से धान, कोदो, कुटकी और अन्य फसलों की बुआई का कार्य प्रारंभ शेष पेज 12 पर

### कांकेर में सबसे कम, बांदे में सबसे ज्यादा हुई बारिश

जिले में 01 जून से अब तक कुल 1081 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा बांदे तहसील में 265.3 मिलीमीटर तथा सबसे कम कांकेर तहसील में 28.6 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील में 79.2 मिलीमीटर, दुर्गूकोंदल में 93.2 मिलीमीटर, चारामा में 64.1, अंतागढ़ में 143.8, पखांजूर में 105.7, नरहरपुर में 87.2, सरोना में 51.6, आमाबेड़ा में 107 और कोयलीबेड़ा में 55.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में बांदे तहसील में सबसे अधिक 124.2 मिलीमीटर और कांकेर तहसील में सबसे कम 9.7 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

## साल्हेटोला को नवीन राजस्व ग्राम घोषित करने 30 तक दावा-आपत्ति

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 68, 69, 70, 72 तथा 73 के अधीन दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा अधिसूचना जारी कर ग्राम पंचायत सारवण्डी पटवारी हल्का नंबर 08 राजस्व निरीक्षक मंडल दुधावा तहसील सरोना में स्थित राजस्व ग्राम सारवण्डी से आश्रितपारा साल्हेटोला को पृथक कर नवीन राजस्व ग्राम घोषित करने के लिए अभिलेखों का प्रारम्भिक प्रकाशन किया गया है। उन्होंने संबंधित अभिलेख ग्राम में चस्पा कर दावा-आपत्ति प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया है। यदि किसी को इस संबंध में आपत्ति हो तो वह अपनी दावा-आपत्ति 30 दिनों के भीतर तहसीलदार के माध्यम से प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

## पुरानी रंजिश को लेकर आठ युवकों ने मिलकर एक को पीटा, गंभीर

- चिकित्सकों ने युवक को इलाज के लिए हायर सेंटर किया रिफर

**कांकेर।** अन्नपूर्णापारा के एक युवक को पुरानी रंजिश को लेकर बीती रात को लगभग सात से आठ युवकों ने मारपीट किया है। युवक मारपीट में गंभीर रूप से घायल होने के चलते जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने हायर सेंटर रिफर किया है। घायल युवक के भाई की शिकायत पर आरोपी युवकों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे अन्नपूर्णापारा निवासी 33 वर्षीय शेख सिकंदर पिता शेख हैदर ने पुलिस को बताया कि मेरी पुराना बाजार में फोटो फ्रेम की दुकान है, जिसका संचालक है ।उसका भाई 24 जून की रात को करीबन साढ़े 11 बजे फोन करके बताया कि मुझे 7 से 8 लड़के मिलकर मारपीट किये है। किसी तरह उनसे बचकर थाना के सामने आया हूं। तुरंत अपने पिता के साथ थाना के सामने आए और देखे तो मेरा भाई लहूलुहान हालत में था। उसके शरीर , सिर , हाथ, सीना , पीठ व बदन में चोट लगा था। सिर से खून निकल रहा था, तुरंत अपने भाई का ईलाज के लिए कोमल देव अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। कुछ देर ईलाज के बाद भाई को बातचीत करने लगा। उससे पूछा कि तुझे कौन मारा है, तब शेष पेज 12 पर

---


**अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग का अब होगा चौड़ीकरण**

# विधायक विक्रम के प्रयास से सड़क चौड़ीकरण के एनओसी को 17 माह बाद मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- निविदा की गई जारी





अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग को जोड़ने वाली 45 किमी. सड़क चौड़ीकरण के लिए 17 महीने पहले 136 करोड की स्वीकृति मिल चुकी थी, परंतु वन विभाग 31 हेक्टेयर वनभूमि प्रभावित होने के कारण एनओसी केंद्र स्तर से मिलना था। विधायक विक्रम उसेंडी के प्रयास से ही एनओसी मिली और अब निविदा भी जारी की जा चुकी है। बारिश के बाद यह सड़क कम से कम 6 माह में बनकर तैयार हो जाएगी। वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के दो दिन पहले सड़क चौड़ीकरण के लिए 136 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई थी। श्रेय लेने के लिए भूमिपूजन भी कर दिया गया था, परंतु लोक निर्माण विभाग को एनओसी लेने में 17 माह से परेशान रहा। विधायक विक्रम उसेंडी ने इस मामले में पर्यावरण विभाग नागपुर से एनओसी को जल्द जारी करने संवाद किया था और उसी का परिणाम रहा कि पिछले सप्ताह एनओसी मिली और विभाग ने कार्य के लिए निविदा लगा दिया है। बारिश प्रारंभ हो जाने के चलते बारिश में कार्य शुरू नहीं होगा, परंतु इस समय पेड़ कटाई जैसे अन्य कार्य किए जा सकते है, जिससे बारिश खत्म होते ही 6 माह में सड़क बनकर तैयार हो जाए। विभाग ने एक ही टेंडर लगाया है, जबकि माननीयों ने इसे दो भाग में निविदा लगाने के लिए विभाग से कहा था, जिससे कार्य जल्द हो जाएं। क्षेत्र के लोगों को इस सड़क के गड्ढो ने मानिसक रूप से परेशान कर दिया है। लग गए। सड़क चौड़ीकरण तो दूर सड़क की मरम्मत तक नहीं कराने से सड़क पूरी तरह कंडम हो चुकी है। इस मार्ग में प्रत्येक 4 किमी मे सड़क किनारे बीएसएफ, एसएसबी का कैंप होने के अलावा पुलिस थाना भी है।

### निविदा जारी की जा चुकी


लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता महेंद्र कश्यप ने कहा कि पर्यावरण विभाग से एनओसी मिल गई है। एनओसी मिलते ही तीन दिन पहले निविदा जारी किया जा चुका है। निविदा तय हो जाने के बाद पेड़ कटिंग एवं अन्य कार्य बरसात में ही शुरू कर दिए जाएंगे और बारिश के बाद युद्धस्तर पर समय सीमा में कार्य पूर्ण करवाया जाएगा।

### 2001 में बनी स्टेट हाईव नंबर 05

आजादी के बाद 1968 में अंतागढ़ से नारायणपुर सड़क निर्माण मध्यप्रदेश सरकार ने कराया था। वर्ष 2001 में छत्तीसगढ राज्य में इस सड़क को स्टेट हाईवे क्रमांक 5 का दर्जा मिला। यह सड़क स्टेट हाईवे नंबर 5 जगदलपुर से कोंडागांव, नारायणपुर, अंतागढ, भानूप्रतापपुर, दल्ली राजहरा, राजनांदगांव, बालोद होकर दुर्ग जिले को सीधे जोड़ती है। इस स्टेट हाईवे का इसी पेंच की हालत सबसे दयनीय है।

# कोयलीबेड़ा के छात्रों का प्रयास में हुआ चयन







हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

ब्लाक मुख्यालय कोयलीबेड़ा में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल के आठवीं की छात्रा काव्या मंडावी, जयंत बनर्जी व हाबिल दर्रो का चयन प्रयास विद्यालय के लिए हुआ है। स्वामी आत्मानंद शासकीय हिन्दी मिडियम स्कूल कोयलीबेड़ा से मोहित कुमार तारम का भी चयन प्रयास विद्यालय में हुआ है। छात्र जयंत बनर्जी कैटेगिरी रैंक में कांकेर जिला में प्रथम व राज्य में 19 वाँ छात्र हाबिल दर्रो का कैटेगिरी रैंक कांकेर जिला में दूसरा व राज्य में 15 वाँ स्थान रहा। प्रयास विद्यालय में चयन होने पर प्राचार्य जीआर गढ़िया ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विद्यालय व कोयलीबेड़ा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। आगे चलकर अपने संस्था, क्षेत्र, माता-पिता मार्गदर्शन करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को गर्वांनित करेंगें। छात्र छात्राओं को प्रधानपाठक आरआर हिड़को, गोवर्धन कोसले, सुनील साहू, बसंत पदमाकर, अपूर्व विश्वकर्मा, नारद कौशल, उपसरपंच अजय साहू, पारख साहू, संदीप सरकार, मुकेश सहारे, पूनम उइके, पवन वड्डे व समस्त शाला परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं व शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने शुभकामनाएं दी एवं चयनित छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## खबर संक्षेप



### अधिकार और गरिमा की लड़ाई में समाज के संरक्षक बने डॉ. त्रिपाठी

**कोण्डागांव।** नवीन अन्दकुरी गांडा समाज भवन, साकेतिवाटापारा में आयोजित त्रिविध समारोह युवक–युवती परिचय सम्मेलन, प्रतिभावान छात्र–छात्राओं का सम्मान एवं भवन लोकार्पण के अवसर पर समाज ने डॉ. राजाराम त्रिपाठी को समाज ने विशिष्ट सेवा सम्मान, अंगवस्त्र और संविधान की प्रति भेंट कर सम्मानित किया। समाज द्वारा गोद लेने का आग्रह स्वीकारते हुए डॉ. त्रिपाठी ने मंच से घोषणा की यह समाज गौरवशाली, जागरूक और साहसी है। अपने शोध के आधार पर गांडा समाज को एक सर्वकला संपन्न, निपुण एवं ऐतिहासिक जनजातीय समाज बताया, जो दुर्भाग्यवश उपेक्षा का शिकार रहा है। जब तक इन्हें उनका अधिकार और सम्मान नहीं दिला दूं, चैन से नहीं बैठूंगा। समारोह में विवाह योग्य युवक–युवतियों के परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं का सम्मान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल की सादगी की प्रशंसा की और उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी को प्रिय अनुज बताते हुए कहा उनका युवाओं में प्रभाव और बड़ों के प्रति आदर समाज की शक्ति है। संचालन दिनेश गंधर्व, वीरेंद्र बघेल, महेश दर्रो, शत्रुघ्न दास मानिकपुरी, शीतल कोर्राम और राजेन्द्र बघेल ने सुसंगठित एवं गरिमामय ढंग से किया।

### जिलास्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज

**कोण्डागांव।** जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन 26 जून को शहर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेण्डी द्वारा किया जाएगा।

# आपातकाल में छीन लिए गए थे मौलिक अधिकार, कई भेजे गए थे जेल

## आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर संविधान हत्या दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन द्वारा आज स्थानीय ऑडिटोरियम में संविधान हत्या दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आपातकाल के दौरान घटित घटनाओं पर आधारित एक फोटो प्रदर्शनी और फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने आपातकाल के दौरान घटी घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तत्कालीन सरकार ने पद पर बने रहने के लिए 25 जून 1975 को आपातकाल लगाया था। उन्होंने बताया कि इस दौरान कई प्रतिबंध लगाए गए। जिससे सभी वर्ग के लोगों को यातनाएं झेलनी पड़ीं। उन्होंने युवा पीढ़ी से इस घटना का अध्ययन करने का आग्रह किया, ताकि वे इसके बारे में जान सकें। सुश्री उसेंडी ने देश में लोकतंत्र को अक्षुण्ण रखने के लिए पूर्वजों के बलिदान को याद किया, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और भारत को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में गौरव करने का अवसर दिया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरपति पटेल और पूर्व विधायक सेवक राम नेताम ने भी आपातकाल को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए कहा कि इस दौरान लोगों के मौलिक अधिकार और प्रेस की आजादी छीन ली गई थी। कई लोगों को जेल जाना पड़ा व लंबे समय तक परेशानियों का सामना करना पड़ा। विधायक सुश्री लता उसेंडी सहित सभी अतिथियों ने आपातकाल पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।





**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, स्कूली बच्चे और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## तैयारी: एसडीएम और एसडीओपी ने स्टैंड का किया निरीक्षण

# स्टैंड में जल्द शुरू होगी बसों की आवाजाही यात्रियों और दुकानदारों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- एनएच में स्थित डिवाइडर को हटवाने पार्षद ने विधायक और एनएचआई को लिखा था पत्र

नगर में स्थित बस स्टैंड को लाखों रुपए खर्च कर सुन्दर और व्यवस्थित तरीके से बनाया गया है। ताकि बस स्टैंड में बसों और अन्य चारपहिया वाहनों का नियमित रूप से आवागमन हो। यात्रियों को सुविधा मिल सके। लेकिन लाखों खर्च करने के बाद भी बस स्टैंड सो पीस बना हुआ है। स्टैंड के अन्दर बसों का नियमित आवागमन नहीं हो रहा है। यात्रियों की चढ़ाई - उतराई नहीं हो पा रही है। यात्रियों को खुले आसमान के नीचे सड़क पर बसों का इंतजार करना पड़ता है।

हालांकि बस स्टैंड के अन्दर यात्री प्रतीक्षालय बनाया गया है लेकिन उसका उपयोग नहीं हो रहा है। बसों के अंदर नहीं घुसने से बस स्टैंड के स्थित दुकानदारों को भी परेशानी हो रही है, उनके व्यापार में असर पड़ रहा है। बस स्टैंड में अन्य वाहनों को बेतरतीब खड़ा किया जा रहा है। एक प्रकार से बस स्टैंड पार्किंग का अड्डा बन गया है। बस स्टैंड में बसों के अन्दर नहीं घुसने का मुख्य कारण रोड के बीच में बनी डिवाइडर है। बस स्टैंड के पास एक ओर से क्रॉसिंग बनाया गया है। दूसरी ओर से क्रॉसिंग नहीं बनाया गया है।



**एनएचआई को लिखा था पत्र**

*बस स्टैंड की समस्या को लेकर विगत महीने नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद श्रीमती संगीता प्रवीण राव ने 10 अप्रैल को राष्ट्रीय राजमार्ग के मुख्य कार्यपालन अभियंता को पत्र के भेजकर डिवाइडर को हटाने कहा गया है। यही नहीं 8 मई को केशकाल विधायक के पास भी पत्र भेजा गया है। हालांकि 9 मई को केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम के लेटर पेड से राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता को अनुशंसा पत्र जारी कर बस स्टैंड के पास स्थित डिवाइडर को हटाने कहा गया है ताकि बसों का नियमित रूप से अन्दर आवागमन हो सकते। यात्रियों को बस स्टैंड में मिलने वाली सुविधाएं मिल सके।*

**प्रशासनिक अफसरों के साथ नपं का अमला पहुंचा**

आज फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम और एसडीओपी पुलिस अभिनव उपाध्याय ने नगर पंचायत की टीम के साथ बस स्टैंड का निरीक्षण कर पार्किंग किए हुए वाहनों को चालकों से तत्काल हटवाया। उनके द्वारा बस स्टैंड के अंदर पार्किंग न करने की समझाइश दी गई। उन्हें निर्देश भी दिया गया की इस तहत फिर उनके द्वारा किया गया तो चालानी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद बस एजेंटों को भी बुलाया गया। बसों को नियमित रूप से बस स्टैंड के अंदर प्रवेश करवाने निर्देशित किया गया ताकि यात्रियों को परेशानी ना हो। इस दौरान एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम ने कहा कि कलेक्टर के निर्देश पर बस स्टैंड का निरीक्षण किया गया। निजी वाहन चालकों को बस स्टैंड के अंदर पार्किंग करने से मना किया गया। साथ ही बस एजेंटों को अपने अपने बसों को नियमित रूप से स्टैंड के अंदर प्रवेश करवाने के लिए कहा गया, अगर इसके बाद भी नियम का उल्लंघन करते पाए गए तो उन वाहन चालक को पर कार्रवाई की जाएगी ।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित कार्यों के लिए डोर टू डोर अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- जनचौपाल व शिविर भी लगाया जाएगा

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कोंडागांव जिले में स्वीकृत लंबित आवासों के निर्माण कार्य को गति देने और हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए जिला पंचायत कोंडागांव द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जिला पंचायत कोंडागांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि यह अभियान 23 जून से 17 जुलाई तक जिले के सभी संबंधित ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर अभियान और जन चौपाल व शिविर के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान ग्राम पंचायत के सचिव और रोजगार सहायक हितग्राहियों से घर–घर जाकर संपर्क करेंगे। अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत हितग्राहियों की समस्याओं का पंचायत स्तर पर ही निराकरण करना और लंबित आवासों के शीघ्र निर्माण के लिए मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान करना है। अभियान की प्रगति की जानकारी नियमित रूप से जिला पंचायत कार्यालय को भेजी जाएगी।

**कोई भी पात्र हितग्राही आवास से वंचित न रहे**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि यह अभियान शासन की मंशा के अनुरूप है, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही आवास से वंचित न रहे। स्वीकृत आवासों का निर्माण समय पर पूरा हो। जिला प्रशासन ने सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने संबंधित ग्राम पंचायत में आयोजित जन चौपाल शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्या का समाधान कराएं और आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं।

# आपातकाल अपने राजनीतिक हितों को साधने की कोशिश थी : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- देश में संविधान सर्वोच्च : देव
- प्रदर्शनी के माध्यम से 1975 के आपातकाल के दौर को रेखांकित किया

1975 में 25 जून के दिन तत्कालीन सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश में आपातकाल लगाया गया था। इसके 50 वर्ष पूर्ण होने पर आज संविधान हत्या दिवस के तौर पर मनाया गया। इस दौरान जिले के मीसाबंदी और उनके परिजन को सम्मानित किया गया, साथ ही आपातकाल पर परिचर्चा की गई। इस अवसर पर छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से 1975 के आपातकाल के दौर को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश सांसद तथा विशिष्ट अतिथि विधायक किरण देव उपस्थित थे।

पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में आयोजित परिचर्चा में सांसद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां संविधान सर्वोपरि है। वर्ष 1975 में तत्कालीन सरकार द्वारा देशवासियों पर अचानक आपातकाल घोषित कर अपने राजनीतिक हितों को साधने की कोशिश की। सांसद ने बताया कि इसका विरोध करने वाले जनप्रतिनिधियों, देशवासियों और मीडिया संस्थानों की आवाज को दबाया गया तथा उन्हें जेल में डाल दिया गया। किरण सिंह देव ने कहा भारत देश लोकतंत्र और प्रजातांत्रिक मूल्यों पर चलने वाला देश है । 1975 में लोकतंत्र में बड़ा कुठाराघात कर आपातकाल लगाया गया था। देश में संविधान सर्वोच्च है नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों का पालन का अधिकार है इसे किसी सत्तासीन को रोकने का अधिकार नहीं है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस काले सच को सामने लाने का प्रयास किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक लच्छू राम कश्यप, नगर निगम के सभापति खेम सिंह देवांगन , एमआईसी के सदस्य,पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अपर कलेक्टर सी पी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, एस डी एम भरत कौशिक सहित गणमान्य नागरिक व स्कूली और कालेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा लोकतंत्र सेनानी अरुण राय एवं स्व अमर नाथ शर्मा के पुत्र दीपक शर्मा को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया । संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निदेर्शानुसार ह्यआपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान हत्या दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आपातकाल पर आधारित वीडियो का प्रदर्शन किया गया।



# सुकमा के सभी शिक्षण संस्थान बनेंगे तम्बाकू मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुकमा जिले में शिक्षा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाया गया है। तम्बाकू मुक्त शिक्षा मिशन के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी, सुकमा द्वारा एक विशेष अभियान की शुरूआत की गई है, जिसका उद्देश्य जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों को शत-प्रतिशत तम्बाकू मुक्त बनाना है। इस अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विद्यार्थियों ने गाँवों और नगरों में हाथों में तख्तियाँ लेकर रैली निकाली और आमजन को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। रैली के दौरान बच्चों ने जनसमुदाय से तम्बाकू का सेवन न करने की अपील की।



25 जून को संकुल पुसपाल एवं कोकावाड़ा के समस्त स्कूली बच्चों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहाँ बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को तम्बाकू से मुक्त जीवन की शपथ दिलाई गई। इन आयोजनों के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाई गई, बल्कि बच्चों में सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का संकल्प भी लिया गया। तत्पश्चात स्कूली बच्चें,शिक्षक, शिक्षिका पुलिस जवान जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे पुसपाल थाना से बाजार तक रैली का आयोजन कर लोगो को समझाइश दी गई।

कार्यक्रम मे सरपंच पुसपाल देवेन्द्र नाग, थाना प्रभारी अमोल टोप्पो, प्राचार्य पुसपाल बसंत टेकाम, प्राचार्य कोकावाड़ा सुरेन्द्र ठाकुर, सी.ए.सी.पुसपाल शंकर कश्यप, सचिव जमुना प्रसाद, शिक्षक गण आसदेव कवंर, सुरेन्द्र पटेल कृष्णा बघेल, अमर सिह, कुम्भकरण, नवल, पवन, हिडमा, भलेरियन एक्का सर, तेजस सिन्हा सर, सुखदई वर्मा, हीरामणी,ज्योती, जयंती, गीता, तारक सर, नाग सर, सोरी सर कोटवार, पटेल पंचगण,पुलिस जवान उपस्थित हुए।

कमलेश कुमार श्रीवास्तव खण्ड शिक्षा अधिकारी छिन्दगढ ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि तम्बाकू के खिलाफ यह मुहिम निरंतर चलती रहे और छिन्दगढ विकास खण्ड सुकमा जिला को पूर्ण रूप से तम्बाकू मुक्त बनाया जा सके।

# पूरी रथयात्रा स्पेशल ट्रेन में तीर्थयात्रियों की रुचि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

देश के 4 प्रमुख तीर्थ क्षेत्र में एक पूरी स्थित श्री जगन्नाथ तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं की आस्था देखते बनती बनती है। श्री जगन्नाथ जी के दर्शन के लिए सम्पूर्ण देश व विदेशों से भी प्रतिदिन लाखो श्रद्धालु पूरी पहुंचते है। रेल प्रशासन पूरी रथयात्रा के दौरान हर वर्ष रथयात्रा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाता है। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर से पूरी रथयात्रा स्पेशल ट्रेन इस वर्ष दो फेरा लगाएगी। पहला फेरा 26 जून आज सुबह 9 बजे पूरी के लिए रवाना होगी,जो दूसरे दिन 27 की मध्य रात्रि को पूरी पहुचेगी।

जगदलपुर से पूरी रथयात्रा स्पेशल ट्रेन में टिकट आरक्षण तीन दिन पूर्व जगदलपुर टिकट आरक्षण केंद्र में प्रारम्भ किया गया। लेकिन पूरी तीर्थयात्रियों की रुचि नही होने से इन 4 दिनों में स्लीपर क्लास की केवल 20 टिकट आरक्षण किया गया है। जबकि स्लीपर क्लास की 4 बोगी है। प्रत्येक बोगी में 72 बर्थ याने 4 बोगी में 288 बर्थ की व्यवस्था बहाल की है। जिसमे केवल 20 टिकट का आरक्षण हुआ है। इसी तरह सामान्य श्रेणी की 3 और 4 एसएलआर कम लगेज बोगी की सुविधा पूरी रथयात्रा स्पेशल ट्रेन में की है।

**4 जुलाई को दूसरा फेरा**

जगदलपुर से पहला फेरा 26 जून को और दूसरा फेरा 4 जुलाई लगाएगी। जबकि पूरी से जगदलपुर पहला फेरा 28 जून को और दूसरा 6 जुलाई को लगाएगी। जगदलपुर से पहली गाड़ी 26 जून को पुरी के लिए रवाना होगी। वापसी में 28 जून को पुरी से जगदलपुर के लिए रवाना होगी। इसी तरह दूसरे फेरे में रथयात्रा स्पेशल की समय सारिणी जगदलपुर-पुरी (गाड़ी संख्या-08445) 26 जून और चार जुलाई को सुबह 9 बजे जगदलपुर से रवाना होकर कोरापुट, रायगढ़ा, विजयनगरम,नुआवाड़ा,अरुगुल, साक्षी गोपाल होकर रात एक बजे पुरी पहुंचेगी। पुरी-जगदलपुर (गाड़ी संख्या-08446) 28 जून और छह जुलाई को पुरी से रात 12.45 बजे रवाना होकर निर्धारित मार्ग से शाम 4.45 बजे जगदलपुर पहुंचेगी।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समयसीमा की बैठक, दिए निर्देश

# शिविरों में प्राप्त आवेदनों पर करें त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- वरिष्ठ नागरिकों के वय वंदना कार्ड प्राथमिकता के साथ बनाएं

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर के आयोजन और प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई की समीक्षा करते हुए प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड व सभी वरिष्ठ नागरिकों के वय वंदना कार्ड प्राथमिकता के साथ बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। सभी जनपद सीईओ के साथ अन्य विभागों को भी आवास निर्माण कार्य को पूर्ण कराने में एकजुट होकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों से अस्पतालों के नियमित निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी अस्पतालों में स्टाफ की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**अधिकारी लंबित आवेदनों के निराकरण में लाएं तेजी**

कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी लेते हुए मुख्य मार्गों से पशुओं को हटाने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश सभी सीएमओ को दिए। कलेक्टर ने जिले के श्रम पंजीयन वाले परिवारों के विद्यार्थियों को श्रम विभाग के छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश श्रम विभाग के अधिकारी को दिए, ताकि उन्हें पढ़ाई के खर्चोंर् में राहत मिल सके। इसके अलावा बैठक में जाति प्रमाण पत्र की प्रगति, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण की तैयारी, मक्का खरीदी की प्रगति सहित समयसीमा में विभागवार लंबित आवेदनों पर कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निराकरण में तेजी लाने को कहा।

## पेज 11 के शेष

### शहर व सीमा...

आसपास कई जगह दुकानें लगाने के लिए खाली पड़े हुए है। विगत समय एक छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया था। तब सभी दुकानों को हटा दिया गया था, परंतु अब फिर से दुकानें सजने लगी।

### बारिश से आम...

हो गया है। कृषि विभाग के अनुसार यदि अगले कुछ दिनों तक इसी तरह बारिश होती रही, तो खरीफ उत्पादन में इस वर्ष अच्छा सुधार देखने को मिलेगा। कांकेर के एक किसान रामसाय नेताम ने बताया, /"पिछले कई दिनों से खेत सूखे पड़े थे। हम आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश का इंतजार कर रहे थे। अब पानी गिरा है, तो बुआई का काम भी शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दाब के कारण यह बारिश होगी, जो आने वाले समय में और भी सक्रिय हो सकता है।

### किसानों की डीएपी...

दीपंकर सरकार, रमेन सरकार,नेपाल राय, श्यामल, रॉबिन बिस्वास, आशीष देवांगना, किशोर सिकदर, गणेश चक्रवर्ती, दिलीप बाला, मनोरंजन सरदार सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश को...

उसने बताया कि जयंत नरेटी, राजा रिगरी, प्रदीप ढाली, अमित, विवेक भास्कर, डैम एवं अन्य साथियों के द्वारा मिलकर पुरानी बातो को लेकर सभी एक राय होकर मुझे गाली देते हुए जान से मार डालेंगे कहकर मेरे साथ संजयनगर आम गली रोड कांकेर में हाथ थप्पड़, लात घूसे एवं अपने हाथ में पहने चूड़ा से सभी मारपीट किए हैं। जिससे मुझे चोट लगी है।

भाई को उचित इलाज के लिए चिकित्सकों ने 25 जून को मेकाहारा अस्पताल रायपुर में रिफर कर दिया है, जहाँ उपचार जारी है। घायल युवक के भाई की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 190, 191 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### शिवसेना ने रानी..

समस्त हिंदुस्तानियों को एकता के सूत्र में बांधते हुए देश को निरंतर प्रगति की ओर आगे बढ़ाना है।

**खबर संक्षेप**

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में द्वितीय चरण का प्रवेश आज से

**गीदम।** एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश 26 जून से शुरू होंगे। संस्थान में दो स्ट्रीम हैं इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग। सीजीडीटीई रायपुर अधिसूचना के अनुसार द्वितीय दौर की काउंसलिंग 26 जून से शुरू होकर 29 जून तक चलेगा। सीजीडीटीई के नियम के अनुसार माओवादी क्षेत्र होने के कारण छात्र 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होने पर प्रथम वर्ष में प्रवेश ले सकते हैं। जबकि दूसरे वर्ष या लेटरल एंट्री प्रवेश के लिए छात्र को गणित स्ट्रीम में 12वीं पास होना चाहिए या आईटीआई पूरा करना होगा। संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने बताया कि संस्थान प्लेसमेंट, खेलकूद, आईआईसी, एनपीटीईएल आदि के मामले में न केवल बस्तर क्षेत्र में बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य में भी शीर्ष स्थान पर है। इस परिप्रेक्ष्य में देखते हुए कोई भी छात्र संस्थान में शामिल होकर अपने भविष्य को सही दिशा में आकार दे सकता है। संस्थान में ऑनलाइन एंट्री एवं अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र की व्यवस्था की गई हैं।

### चितालंका के कई परिवारों की उम्मीदों को मिला नया आशियाना

**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2.0 के तहत दंतेवाड़ा जिले के चितालंका ग्राम पंचायत के कई निर्धन और जरूरतमंद परिवारों को उनके पक्के मकान का सपना साकार किया जा रहा हैं। वर्षों से झोपड़ियों या अधूरे मकानों में जीवन बिता रहे इन परिवारों के चेहरों पर अब इस सौगात की खुशी की झलक साफ देखी जा सकती है। इस परिप्रेक्ष्य में इन हितग्राहियों में से एक चितालंका की निवासी सुकारी ईच्छाम के अधूरे घर की दीवारें अब मजबूती से खड़ी हैं, क्योंकि उनका मकान ''प्लिन्थ'' स्तर पर कार्य पूरा हो चुका है, और छत की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं, श्रीमती श्यामदई नाग के घर का निर्माण कार्य छज्जा स्तर तक पहुँच चुका है, जिससे यह स्पष्ट है कि कुछ ही समय में उनका मकान भी पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा। एक अन्य हितग्राही कलजुक नेताम के लिए सबसे बड़ी खुशी की बात यह रही कि उनका घर पूरी तरह बनकर तैयार हो गया है। अब उनके परिवार के पास एक मजबूत, सुरक्षित और सम्मानजनक रहवास है, जिसकी उन्होंने वर्षों से कामना की थी। यह सिर्फ ईंट और सीमेंट का निर्माण नहीं है, बल्कि उन सपनों की नींव है जो लंबे समय से अधूरे थे।

दंतेवाड़ा विधायक ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर तिरंगा रैली का किया रवाना

# स्काऊट, एनसीसी एवं स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

आपातकाल की 50 वीं वर्षगाठ के अवसर पर आपातकाल स्मृति दिवस मनाया गया। आपातकाल एवं सविधान हत्या दिवस के क्षणों को छायाचित्र प्रदर्शनीय के माध्यम से महत्वपूर्ण घटनाओं को प्रदर्शित किया गया जिसमें भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय, आपातकाल की शुरूआत अनैतिक संशोधनों से सविधान पर हमला, मीडिया, न्यायपालिका और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन एवं आपातकाल की भयावह कहानिया शामिल थे। बीजापुर प्रवास के दौरान दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी सहित जनप्रतिनिधियों ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थी द्वारा तिरंगा यात्रा भी निकाला गया। तिरंगा यात्रा को विधायक चैतरात अटामी ने रवाना करते हुऐ स्कूली बच्चों को राष्ट्र के प्रति प्रेम और समर्पण, की भावना हमेशा रखने की समझाइस दी। तिरंगा यात्रा सांस्कृतिक भवन मैदान से जिला कार्यालय होते हुऐ पुनः सांस्कृतिक भवन वापस पहुंचे। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल, जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया, नरवेद सिंह सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण, शिक्षण-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## मध्यान्ह भोजन समूह ने निष्क्रिय सदस्यों को हटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

बस्तर ब्लॉक के माध्यमिक शाला भूरसंडी में मां दंतेश्वरी जमुना

■ बैठक में 5 नए सदस्यों ने को दी गई जिम्मेदारी

महिला स्वयं सहायता समूह की आवश्यक बैठक शाला परिसर में बुधवार को आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता खुजी बाई ने की सचिव सुलोचना यादव ने सभी सदस्यों को बताया कि 5 सदस्य विगत कई वर्षों से सहयोग प्रदान नहीं करने के कारण संचालन में बहुत दिक्कत होती है जिसको देखकर 5 नए सदस्य के रूप में खेमेश्वरी यादव, ममता कश्यप , सरिता खिरमनी कश्यप, सुनीता कश्यप को समूह में शामिल कर स्वागत भी बैठक में किया गया।

अध्यक्ष सूकदेई ने सभी से आग्रह किया कि हमें बच्चों को भोजन गुणवत्ता पूर्ण खिलाने की जिम्मेदारी दी गई है सभी को सामूहिक सहयोग के साथ कार्य करना है सिर्फ अध्यक्ष सचिव ही जिम्मेदार नहीं है यह सभी की जवाबदारी है। इस अवसर पर अध्यक्ष सुकदेई, सचिव सुलोचना यादव, खुजी बाई, महेश्वरी सहित सभी नए सदस्य उपस्थित थे।

## बीईओ और एबीईओ ने किया विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज : बस्तर

विभिन्न प्राथमिक माध्यमिक हाइस्कूल,एवं हायरसेकंडरी शालाओ का गहन निरीक्षण किया गया। जिसमें सर्वप्रथम प्राथमिक शाला सालेमेटा 2 ,माध्यमिक शाला सालेमेटा 2 में पहुचकर शाला अवलोकन किया यहां पदस्थ प्रधान अध्यापक एम प्रमोद कुमार बिना किसी को प्रभार दिए 2 दिनों के

■ सालेमेटा स्कूल में 62 बच्चों में मात्र 28 उपस्थित मिले

अवकाश पर जाना पाया गया। बच्चों की संख्या भी कम थी 62 में मात्र 28 बच्चे उपस्थित मिले थे। वही प्राथमिक शाला रोतमा पारा मधोता की शाला चाक चौबंद थी। वही माध्यमिक शाला रोतमा में भी कम बच्चे आए थे। जबकि शिक्षक सभी उपस्थित थे। शाला परिसर की सफाई हेतु निर्देशित किया गया। फिर प्राथमिक डुब्बा गुडा भैंसगांव में अव्यवस्था देखने को मिली यहां शाला भवन नही होने से सामुदायिक भवन में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत संचालित की जा रही है। व्यवस्था सुधारने शिक्षको को निर्देशित किया गया। माध्यमिक शाला व हाइस्कूल भैंसगांव पहुचकर गहन निरीक्षण कर यहां



हाइस्कूल भवन विहीन होने की स्थिति में माध्यमिक शाला के साथ संचालित की जा रही है किंतु दर्ज ज्यादा होने के कारण बैठक व्यवस्था में परेशानी हो रही है । इस पर बीईओ व एबीई ओ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत के सरपंच की सहायता से एक अतिरिक्त कक्ष की व्यवस्था मौके पर ही कर दी गई । इसके बाद हायरसेकंडरी मुंडगांव का भी अवलोकन किया गया यहाँ अंग्रेजी व हिंदी के व्याख्याता अनुपस्थित थे बाकी सभी स्टाफ अपने कार्य पर उपस्थित पाए गए । फिर प्राथमिक शाला छोटे आमाबाल पहुचकर अवलोकन किया गया यहां की दर्ज 82 पाई गई व 2 शिक्षक उपस्थित मिले। वहीं माध्यमिक छोटे आमाबाल में भी बच्चे कम पाए गए प्रभारी को स्थिति सुधारने निर्देशित किया गया । यहां बालक शौचालय जर्जर स्थिति में पाई गई सुधार की आवश्यकता है। फिर कोटरीपारा प्राथमिक जो कि जर्जर स्थिति में है उसके लिये वही समीपस्थ ग्रामवासियो के सहयोग से एक कमरा की वैकल्पिक व्यवस्था की गई ताकि शाला विधिवत संचालित की जा सके । दोनों अधिकारी व संकुल समन्वयक द्वारा तत्काल प्रभाव से छात्र हित मे व्यवस्था मौके पर कर दी गई । अधिकारियों द्वारा सतत निरीक्षण की बात कही गई है । दोनों अधिकारियों के कार्यालय वापिस पहुचने पर नव नियुक्त शिक्षको ने समय पर सभी वित्तीय कार्य पूर्ण होने व समय पर वेतन दिलाने पर उपस्थित शिक्षको ने बीईओ भारती देवांगन ,व एबीईओ सुशील कुमार तिवारी द्वय का पुष्प गुच्छ भेंटकर आभार व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों के साथ संकुल समन्वयक मोतीराम मौर्य ,भास्कर जैसवाल व चेतन पाणिग्राही मौजूद थे ।

## युवाओं का रायपुर बौद्धिक भ्रमण, कलेक्टर ने किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

राज्य शासन के द्वारा संचालित नियद नेल्लानार कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद प्रोत्साहन योजना के तहत जिले के 13 पंचायतों से चयनित 91 युवाओं को बौद्धिक भ्रमण के लिए रायपुर रवाना किया गया। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज इन युवाओं को हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। कलेक्टर दुदावत ने इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा यह भ्रमण आपके जीवन में एक नई दृष्टि लेकर आएगा। आपको राज्य की राजधानी रायपुर में शासन, प्रशासन, संस्कृति और



आधुनिक संरचनाओं को करीब से देखने और समझने का मौका मिलेगा। आप सभी अनुशासन में रहें, एक-दूसरे की मदद करें, और बिना अनुमति के बस से इधर-उधर न जाएं।

भ्रमण के दौरान युवाओं द्वारा रायपुर स्थित नालंदा परिसर, छत्तीसगढ़ विधानसभा, जनजातीय एवं आदिवासी संग्रहालय, स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, तथा रेलवे स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया जाएगा। यह भ्रमण युवाओं को शासन व्यवस्था, सांस्कृतिक विरासत, परिवहन प्रणाली तथा प्रशासनिक तंत्र की जानकारी देने का अवसर प्रदान करेगा। नियद नेल्लानार कार्यक्रम का उद्देश्य दूरस्थ अंचलों के युवाओं को एक्सपोजरे प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है ताकि वे अपने जीवन में नए विकल्पों की ओर अग्रसर हो सकें। पहली बार रायपुर जा रहे इन ग्रामीण व आदिवासी युवाओं में यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, उप संचालक पंचायत मिथिलेश किसान,जनपद पंचायत सीईओ पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## गर्भवती माताओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के निर्देशन में जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष मातृ स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 24 जून को जिला चिकित्सालय, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं।

इस अभियान के माध्यम से गर्भावस्था की दूसरी एवं तीसरी तिमाही में महिलाओं को प्रसवपूर्व देखभाल सेवाओं का संपूर्ण पैकेज उपलब्ध कराया जाता है, जिससे समय रहते गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं की पहचान कर उचित उपचार दिया जा सके। शिविर के दौरान प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा हीमोग्लोबिन की जाँच, सीबीसी, ब्लड शुगर, सिकलीन, मलेरिया, मूत्र परीक्षण, एल्ब्युमिन, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, बीपी, इसके अतिरिक्त, गर्भवती महिलाओं को टी.डी. स्वास्थ्य परीक्षण किए गए।

## बीईओ ने की नव नियुक्त शिक्षकों से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर विकासखंड के नव नियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन से शिष्टाचार भेंट की और उनका हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी भी उपस्थित रहे।

भारती देवांगन ने नव नियुक्त शिक्षकों को उनके नवीन पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं और आप सभी को यह पद केवल नौकरी नहीं बल्कि जिम्मेदारी और सेवा का अवसर देता है।



सहायक खंड शिक्षा अधिकारी तिवारी ने भी शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि आपका समर्पण ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गढ़ेगा।

## शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद एवं विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

तोकापाल विकासखण्ड स्तर पर आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में आज मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महेश कश्यप एवं विधायक विनायक गोयल सम्मिलित हुए। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को कॉपी, पुस्तकें, स्कूल ड्रेस इत्यादि शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। साथ ही कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिससे बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल रही। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, तथा मंडल के सभी पदाधिकारीगण की उपस्थिति थे।

## रानी दुर्गावती की बलिदान दिवस पर उनके वीरगाथा को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

24 जून को दक्षिण बस्तर जिले के परिक्षेत्र स्तर पर आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के द्वारा रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। उनकी वीरगाथा को याद किया गया जिन्होंने कम उम्र में ही मुगल सेना के साथ लड़ाई में उनके छक्के छुड़ाए और गोंडवाना राज्य की रक्षा करते हुए 1564 में वीर गति को प्राप्त हुयी। गोंडवाना समाज आज भी इस महान सम्राज्ञी को याद करते हुए उनकी याद में 24 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाते आ रहा है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।

# दूरस्थ अंदरूनी गांवों तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हर घर जल की पहुंच सुनिश्चित करने का कार्य किया जा रहा

■ सालातोंग में जल जीवन मिशन के तहत किया गया हर-घर जल प्रमाणीकरण

है। योजनांतर्गत दूरस्थ अंदरुनी गांवों में भी पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पीएचई विभाग के अधिकारी लगातार प्रयास कर रहे हैं।

नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत पोटकपल्ली अंतर्गत आश्रित ग्राम सालातोंग में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण कर हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया। उक्त ग्राम में जल जीवन मिशन से पूर्व पेयजल का मुख्य स्त्रोत हैण्डपंप हुआ करता था, जो कि घरों से लगभग 50 से 100 मीटर की दूरी पर स्थित हैं।



सालातोंग में जल जीवन मिशन के तहत लगभग 50 लाख की लागत से सोलर आधारित जल प्रदाय योजना स्वीकृत कर सफलतापूर्वक कार्य पूर्ण किया गया है। ग्राम सालातोंग जिला मुख्यालय से लगभग 90 किमी की दूरी पर स्थित है जो कि जिले के नक्सलप्रभावित एवं संवेदनशील ग्रामों में शामिल है। उक्त ग्रामों में शासकीय योजनाओं का कियान्वयन किया जाना थोड़ा मुश्किल होता है। नियद नेल्लानार के अंतर्गत चयनित ग्रामों में शासन-प्रशासन कि विशेष सहायता से योजनाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वयन किया जा रहा है, इसी क्रम में शासन की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन का कियान्वयन ग्राम सालातोंग में करने में नियद नेल्लानार योजना का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं।

आज ग्राम के समस्त ग्रामीण परिवारों को 24 घण्टे शुद्ध पेयजल की आपूर्ति क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से हो रहा है, जिससे वहाँ के समस्त ग्रामीण विशेषकर महिला एवं वृद्धजनों में शासन की महत्वकांक्षी योजना के प्रति हर्ष का माहौल हैं। पेयजल आपूर्ति के लिए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## द्वितीय चरण की काउंसलिंग 29 तक

**जगदलपुर।** बस्तर जिला में स्थित धरमु माहरा, शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक, धरमपुरा, जगदलपुर में संचालित त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया के द्वितीय चरण की काउंसलिंग में 26 से 29 जून तक आवेदन कर सकते है। बस्तर जिले एवं संभाग की छात्राओं को पीपीटी प्रवेश परीक्षा में छुट प्रदान करते हुए विशेष सुविधा दी गई है, जिसके आधार पर वे बिना पीपीटी की परीक्षा के भी पॉलिटेक्निक संस्था में 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण कर सीधे प्रवेश की पात्रता का लाभ प्राप्त किया जा सकता है । प्रवेश हेतु प्रथम चरण में 26 से 29 जून तक संबंधित पोर्टल में सीधे आनलाईन आवेदन किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश संबंधी या अन्य विस्तृत जानकारी, कार्यालयीन समय में संस्था में उपस्थित होकर अथवा संस्था कंट्रोल रूम में स्थापित प्रवेश प्रभारी के फोन नम्बर 9691352007 एवं 8319903940 में संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं ।

## लोकतंत्र के इतिहास में काला अध्याय आपातकाल : दीपेश

**दंतेवाड़ा।** भाजपा कार्यालय चितालंका दंतेवाड़ा में 25 जून आपातकाल काला दिवस के विरोध में भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार पत्रकार वार्ता आयोजित की गयी,जिसमे कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कोंडागांव दीपेश अरोरा ने आपातकाल को लोकतंत्र के इतिहास में काला अध्याय बताया। दीपेश अरोरा ने कहा की वर्ष 1975 में 25 जून के दिन इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पूरे देश में आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। देशवासियों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए, प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई और असंख्य लोगों को जेल में डाल दिया गया था।21 महीना का ये आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है । प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए वक्ता दीपेश अरोरा ने कहा की कांग्रेस की दमनकारी नीतियों,सत्ता पिपाशा व तानाशाही मानसिकता ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र के ऊपर कभी ना मिटने वाला धब्बा लगाया था। आपातकाल के विरुद्ध लाखों लोगों ने आंदोलन किया था। देशभर में युवाओं, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तारियां देनी पड़ी थीं। आपातकाल के विरुद्ध उठी हर आवाज़ को मैं नमन करता हूँ। इस दौरान विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामि, जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप,जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान, मुकेश शर्मा, सुनीता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक बाजपेयी,मंडल अध्यक्ष दंतेवाड़ा जय भंसाली, जनपद सदस्य रामु नेताम, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, तिलेस्वरी नागेश, जिला सह मीडिया प्रभारी वीरेश मिश्रा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता, उरदो ठाकुर, राजेश बोरबन, रवि भदौरिया, मोहन ठाकुर, गौतम भाठी,भूपेंद्र ठाकुर, कमल ठाकुर, विमला रावत, सन्तु कश्यप समेत समस्त भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम मुड़खुसरा में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। युवक जितेंद्र विश्वकर्मा 22 साल निवासी मुड़खुसरा अपने घर में काम कर रहा था। इसी दौरान वह करंट के खुले तार के संपर्क में आ गया। करंट के चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए चारामा अस्पताल पहुंचाए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### गर्भवती माताएं एचआईवी की जांच जरूर करवाएं

**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक द्वारा प्रत्येक माह के 9 और 24 तारीख को होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की समीक्षा जिला मुख्यालय और मैदानी स्तर पर की गई। सर्वप्रथम सीएमएचओ डॉ. बसाक और सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. संजय प्रसाद, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री के साथ अस्पताल प्रबंधन के सलाहकार डॉ. नीरज ओझा की उपस्थिति में महारानी अस्पताल में जांच करवाने हेतु आई गर्भवती माताओ को स्वल्पाहार का वितरण किया गया। इसमें डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. मीनल भी शामिल रही। अधिकारियों द्वारा महारानी अस्पताल के लेबोरेटरी में की जा रही जांच के बारे में जानकारी लेते हुए सभी गर्भवती माताओ की एचआईवी की अनिवार्य जांच करने की सलाह और अन्य संभावित बीमारियों की जांच समेत सोनोग्राफी भी करवाई गई। कचनार में आरएमए मनीषा चौहान, मंजूषा साहनी, सुपरवाइजर केके बघेल, गायत्री कामडी नेत्र सहायक अधिकारी और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में लगाए जा गई रहे पीएमएसएमए के शिविर की जांच की गई जहां पर किए जा रहे हैं गर्भवती माता की जांच के बारे में स्थित जानकारी ड्यूटी डॉक्टर से जानकारी प्राप्त की गई।

### सेवानिवृत पर हुआ सम्मान समारोह

**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग बस्तर जिले प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया कि कार्यक्रम के बाद सेवानिवृत प्रभारी बीईटीओ आरसी जोशी के रिटायरमेंट के बाद सम्मान समारोह किया। समारोह में समीरन घोष, कन्हैया महेश्वरी, अनुराधा गोलीवर, अनीता मंडल, हेमवती नेताम, जमीला सूर, रामदास बघेल, उमाशंकर पांडे, पंकज सेठिया, पुरुषोत्तम भोयर और विशेष रूप से आमंत्रित पूर्व बीईटीओ डीपी पांडे और अनिल देवांगन भी शामिल रहे।

आयोजन: संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार हुआ संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम

# आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर मना संविधान हत्या दिवस, मीसाबंदी के परिजनों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- आपातकाल को लेकर परिचर्चा भी हुई







वर्ष 1975 में 25 जून के ही दिन तत्कालीन सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश में आपातकाल इमरजेंसी लगाया गया था। इसके 50 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान हत्या दिवस के तौर पर मनाया गया। इस दौरान जिले के मीसाबंदियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। साथ ही आपातकाल पर परिचर्चा किया गया।

जिला पंचायत परिसर में आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से 1975 के आपातकाल के दौर को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर आपातकाल पर आधारित वीडियो का प्रदर्शन किया गया और साथ ही जिला पंचायत के परिसर में छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई तथा गोष्ठी सह परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मीसाबंदी के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित परिचर्चा में मुख्य अतिथि के आसंदी से सांसद भोजराज नाग ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां संविधान सर्वोपरि है। वर्ष 1975 में तत्कालीन सरकार द्वारा देशवासियों पर अचानक थोपे गए आपातकाल के काले सच की सभी को जानकारी होना बेहद जरूरी है। 25 जून वह दिन है, जब लोकतंत्र के मूल्यों की हत्या हुई थी। सत्ता के लालच में नियम व कानून को ताक पर रखते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए तत्कालीन सरकार ने पूरे देश में इमरजेंसी लगा दी। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि 1975 में लगाए गए आपातकाल का दंश पूरे देश ने झेला। इसके विरोध में उठने वाले स्वर को क्रूरतापूर्वक दबाया गया। इसके विरूद्ध आगे आने वाले शीर्ष नेताओं एवं आम जनता को चिन्हांकित करके जेलों में डाल दिया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस काले सच को सामने लाने का प्रयास किया, जिससे हमें व आने वाली पीढ़ी को अवगत होने की जरूरत है। इस अवसर पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक तथा नागरिक महेश जैन ने भी 25 जून 1975 में लगाए गए आपातकाल पर आधारित परिचर्चा संविधान की हत्या विषय पर अपने-अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी व महिलाएं उपस्थित रहे।

### आपातकाल के दौरान पिता 19 महीने तक जेल में रहे

मीसाबंदी स्व. रामप्रेम दुबे की पुत्री सुमन शर्मा ने बताया कि वह सिर्फ ढाई साल की थीं, जब उनके पिता को मीसा एक्ट के तहत बंदी बनाया गया। घर के इकलौते कमाऊ सदस्य को अचानक जेल में डाल देने से पूरे परिवार के समक्ष जीविकोपार्जन की समस्या आ गई थी। उनके पिता को मीसा एक्ट के तहत 19 माह तक जेल में रहे। इसी तरह मीसाबंदी स्व. मुरलीधर वर्मा की पत्नी पुष्पादेवी वर्मा ने बताया कि उनके पति को पुलिस द्वारा तब बंदी बनाया गया, जब वे भोजन कर रहे थे, उसी समय उठाकर ले गए थे। उन्हें जेल में अनेक तरह की यातनाएं दी गईं। आपातकाल के दंश से उनका परिवार काफी लंबे समय तक प्रभावित रहा। उल्लेखनीय है कि जिले में मीसा एक्ट के तहत कुल चार लोगों को बंदी बनाया गया था, जिनमें स्व. त्रिलोक सिंह, स्व. स्वदेश रंजन गुहा, स्व. मुरलीधर वर्मा तथा स्व. रामप्रेम दुबे शामिल रहे।

## आदिवासी छात्र युवा संगठन ने रानी दुर्गावती को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**पखांजुर।** आदिवासी छात्र युवा संगठन ने 25 जून को वीरांगना रानी दुर्गावती की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने रानी दुर्गावती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और रानी दुर्गावती अमर रहे के नारे लगाए। आदिवासी छात्र युवा संगठन के अध्यक्ष राजेश नुरुटी ने रानी दुर्गावती के शौर्य और बलिदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रानी दुर्गावती के पति दलपत शाह मध्यप्रदेश के गोंडवाना क्षेत्र के गढ़मंडला राज्य के शासक थे। शादी के केवल चार साल बाद ही राजा दलपत शाह का निधन हो गया, जिसके बाद रानी दुर्गावती ने कुशलतापूर्वक राज्य की बागडोर संभाली। मुगलों की कुदृष्टि जब इस राज्य पर पड़ी, तो रानी दुर्गावती ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अंत तक संघर्ष किया और अंततः वीरगति को प्राप्त हुईं। रानी दुर्गावती के वीरता हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। पूर्व प्रदेश महामंत्री विनोद कुमेटी और सभा अध्यक्ष सुभाशीष शाना ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि रानी दुर्गावती ने कई लड़ाइयाँ अत्यंत वीरता के साथ लड़ीं और शत्रुओं को खदेड़ा। हालांकि मुगलों की विशाल सैन्य शक्ति के सामने जब उन्हें हार निश्चित दिखी, तो उन्होंने घुटने टेकने के बजाय 24 जून 1564 को युद्ध के मैदान में स्वयं को चाकू मारकर बलिदान दे दिया। आयोजित कार्यक्रम में राजेश नुरुटी, विनोद कुमेटी, गीता दुग्गा, छबीला दुग्गा, संजय सलाम, नवीन उईके, रितेश दुग्गा, सुभाशीष शाना और रामेन सरकार सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र की रक्षा में छात्र-छात्राओं की भूमिका विषय पर किया विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 25 जून को भारत में आपातकाल लगाए जाने की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य 1975 में देश पर थोपे गए आपातकाल की भयावहता को स्मरण करना, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति जागरुकता फैलाना, तथा युवाओं की भूमिका पर चर्चा करना था। कार्यक्रम में मंच संचालन अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पीजी कॉलेज के अध्यक्ष रिषिक तिवारी ने किया।

ज्ञान की देवी माँ सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्र के आगे दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्रावास अधीक्षक यशवंत गिर ने कहा कि अपने विद्यार्थी जीवन में महाविद्यालय में अध्ययन करते हुए वे भी एबीवीपी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता रहे है और आज इस विषय पर एबीवीपी के द्वारा आयोजित की गई। संगोष्ठि में उपस्थित होकर अपने महाविद्यालय के दिन का पुनः स्मरण होने लगा। जब वे भी भारत माता की जय के लिए इसी प्रकार कार्य करते थे। आज का ये दिन 25 जून 2025 जब आपातकाल को 50 वर्ष पूर्ण हुए है तब एबीवीपी ने इसे संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने ये संगोष्ठि आयोजित की है, जिसमें उद्देश्य है कि युवाओं के मन में लोकतंत्र के प्रति श्रद्धा एवं देश की रक्षा के लिए राष्ट्र प्रथम का भाव जागृत हो। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक आदित्य मिश्रा ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा था। हमें यह स्मरण रखना होगा कि लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक सतत संघर्ष है, जिसमें युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यह आवश्यक है कि आज का युवा आपातकाल जैसे अध्यायों से सीख लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाए। एबीवीपी सदैव राष्ट्रहित और छात्रहित के लिए प्रतिबद्ध रही है और रहेगी। स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आज़ादी और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हम सभी को सतत सजग रहना चाहिए। अंत में अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हर्ष सिन्हा ने आभार प्रकट किया एवं कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। कार्यक्रम में ट्रेंनिग ऑफिसर तामेश कश्यप, जागृति दीवान एवं प्रशन्न महोबिया, लेखांक जैन, सार्थक यादव, वेदांत सोनी, नमन मरकाम तथा अन्य अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शाला प्रवेशोत्सव के साथ कराया गया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के पीएमश्री सेजस दुर्गुकोंदल में 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पश्चात पूरे प्रदेश सहित ब्लॉक के समस्त शालाओं में प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है। शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेशोत्सव एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की दीप प्रज्जवलित एवं पुजा अर्चना कर शुभारम्भ किया। तत्पश्चात समस्त एलकेजी, यूकेजी छठवीं, नवमी एवं ग्यारहवीं के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, चॉकलेट बाँटकर स्वागत किया और सभी अतिथियों ने अपने विचार रखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास राजु नायक ने कहा कि प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जा रही है। वहीं शाला उत्सव में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी हो रही है और आने वाले भविष्य में भी होगी। शिक्षा को जनअभियान बनाने की दिशा में राज्य सरकार की नई पहल है। इसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना है। शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन करना है। इसके साथ ही सरकार द्वारा शिक्षकों और विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण करते हुए शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की प्राथमिकता से पदस्थापना की गई है, जिससे शिक्षा का अधिकार हर बच्चे तक पहुंच सके, प्रवेश उत्सव की बात करते हुए कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस अवसर पर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया जाता है। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान माता-पिता और शिक्षकों के बीच संवाद को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाता है। माता-पिता को अपने बच्चों की शिक्षा में भाग लेने और स्कूल के साथ जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। संस्था में कक्षा 05वीं, 08वीं, 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं नवोदय, एकलव्य, प्रयास, सैनिक स्कूल, चयनित बच्चों एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन संस्था के प्राचार्य ने किया उसके पश्चात सभी अतिथियों, पालकों और बच्चों ने न्योता भोज में खीर और दाल चावल सब्जी का आनंद लिया।

कार्यक्रम में अशोक जैन, सविता उइके, संतो दुग्गा, मनीषा मंडावी, विजय पटेल, रामचंद्र कल्लो, फूलसिंह मंडावी, सरपंच मुकेश नरेटी, सेवालाल चिराम, श्रीराम बघेल, श्याम लाल नरेटी, महत्तम दुग्गा, बच्चों के पालकगण सहित शिक्षक सुखसागर कोवाची, व्याख्याता दिलीप सेवता, हरीश नागराज पीटआई, मनीष गौतम, एमन धनेलिया, अक्षय नायक, मनोजीत राय, सोनिया चौधरी, बंगोमा चक्रवती, प्रमिता शाहा, सहित सेजस स्कूल के समस्त स्टॉप उपस्थित रहे।

### भर्ती सम्बन्धी विज्ञापन का भ्रम फैलाकर आवेदन पत्र विक्रय पर रोक

**जगदलपुर।** कलेक्टर जिला बस्तर द्वारा वर्ष 2023 में निकाले गए विभिन्न पदों पर भर्ती सम्बन्धी विज्ञापन का भ्रम फैलाकर आवेदन पत्र विक्रय पर तत्काल रोक लगाने सहित संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देश सभी एसडीएम और तहसीलदारों को दिए गए हैं। इस सम्बंध में अपर कलेक्टर द्वारा जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि यह देखने में आ रहा है कि जिला कार्यालय जगदलपुर के वित्त शाखा में विगत दिनों में विभिन्न पदों पर भर्ती संबधी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं जिस पर विज्ञापन क्रमांक 3 दिनांक 26 मई 2023 का उल्लेख किया गया है।

# जनता की मूलभूत समस्याओं से दूर भाजपा नेता अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुँच पा रहे : हेमंत



**कोरर।** भाजपा के नेताओं का अभी खेल चल रहा है और अपनी सरकार के कारनामों का गुणगान करके जनता को ट्रिपल इंजन की सरकार बता कर बेवकूफ बनाया जा रहा है। ये इंजन पटरी पर रेंग रही है। इनके डिब्बों पर भाजपा नेता योजनाओं की सफलता का पोस्टर लगा रहे हैं, जिसको जितना जगह मिला लगाते जा रहा हैं। उक्त बातें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी चौतरफा विकास, सबका साथ सबका विकास, विकसित भारत का संकल्प, भारत को 2047 में विश्व गुरु बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता को सपना दिखाया जा रहा है। देश समृद्धि और ख़ुशहाली की ओर अग्रसर हो रहा है, जबकि हकीकत यह है की जनता इन योजनाओं में अपना नाम खोज रही है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में मंहगाई चरम सीमा तक पहुँच गई है। अर्थ व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं।प्रत्येक वर्ष २ करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से व्यापार लघु सूक्ष्म उद्योग ग़ैर कृषि कार्यो के लिए दस लाख तक ऋण मिलेगा, स्किल इंडिया के माध्यम से वर्ष 2022 तक रोजगार कौशल प्रदान करने का वादा किया था, आज युवा बैंक के चक्कर लगा रहा हैं। किसानों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही हैं। तीन काला कृषि कानून थोपने का काम केंद्र सरकार ने किया था, जिसे किसानों ने स्वीकार नहीं किया। किसानों को पेंशन देने का वादा जो आज तक पूरा नहीं हुआ व खाद की कमी और महंगाई के कारण कृषि की लागत बड़ गई है, वाजिब समर्थन मूल्य नहीं मिलने के कारण किसान कर्जदार हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने इन 11 वर्ष में कांग्रेस को कोसने का काम किया है और इनका विजन धरातल में नजर नहीं दिखता। सांप्रदायिक सौहार्द को सुरक्षित रखने में असफल रहे हैं ।

# यादव समाज ने दादरपुर की घटना को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला इटावा दादरपुर गांव में यादव समाज के संत के साथ जो घटना घटी उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। ऐसी घटना कि पुनर्वित्त दुबारा न हो, इसलिए कांकेर यादव समाज द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई। यादव समाज के गिरधर यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश जिला इटावा दादरपुर गांव में कथावाचक संत मुकुटमणि यादव व उनके साथी सहित संत यादवों के ऊपर पप्पू पाठक द्वारा अपनी पत्नी का मल मूत्र का छिड़काव किया गया। उसकी चोटी काट कर उसे मुंडन कराया गया और नाक रगड़वाया गया। इस तरह के अमानवीय कृत्य व्यवहार को यादव समाज तो क्या किसी भी समाज के व्दारा इस तरह के अमानवीय कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। ये कथा वाचन हमारा कार्य है, यह कहकर अपने समाज को बदनाम करने पर तुले हुए है। ऐसी घटनाओं को एक सभ्य समाज कभी भी स्वीकार नही करेगा। हम इसकी घोर निंदा करते है और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर एवं थाने में उसकी प्रतिलिपि देकर मांग करते है कि ऐसे समाज के कुकृत्य करने वालों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही कि जाए। यादव समाज के अन्य उपस्थित पदाधिकारी व समाज जनों ने भी इस कृत्य कि घोर निंदा करते हुए ऐसे लोगो पर कड़ी कार्रवाई की मांग किया है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान धनेश यादव, हेमन्त यादव, योगेश यादव, तीजू यादव, कमल यादव, देवेश यादव, दीपक यादव, संजय यादव, राकेश यादव, विजय यादव, श्रवण यादव, प्रदीप यादव व अन्य समाज जन उपस्थित रहे।

# आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत बरहेली में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान संतृप्ति शिविर आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत बरहेली, दमकसा, हानपतरी और भंडारडिगी पंचायत सम्मिलित के ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि शामिल रहे। इस अभियान के तहत पूरे प्रदेशभर में 15 जून से 30 जून तक यह अभियान चलाये जा रहें है। जिसका उद्देश्य अंतिम हितग्राहियों तक उनके व्यक्तिगत अधिकारों को परिपूर्ण करना और जागरुकता पैदा करना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए दो महत्वपूर्ण और समयबद्ध मिशन चला रही है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हानपतरी सरपंच शिवलाल ध्रुव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने और छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए दो महत्वपूर्ण और समयबद्ध मिशन चला रही है, जिसमें धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान धरती आबा पृथ्वी के पिता एक उपाधि है, जिसका उपयोग झारखंड में बिरसा मुंडा के सम्मान में किया जाता है। हाल ही में भारत सरकार ने धरती आबा जनभागीदारी अभियान शुरू किया है। जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी और नेतृत्वकर्ता बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव वर्ष शुरू किया गया जो एक प्रमुख राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसका उद्देश्य सरकारी लाभों तक पूर्ण पहुंच सुनिश्चित करके आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाना है। यह देश का सबसे बड़ा जनजातीय सशक्तिकरण और लाभ-संतृप्ति कार्यक्रम है। विभिन्न कार्य आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुषमान भारत कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, मूल निवासी प्रमाणपत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान, जनधन खाता, बीमा कवरेज, सामाजिक सुरक्षा, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग रोजगार और आजीविका योजनाएं की जानकारी साझा करना, यह अभियान स्थानीय प्रशासन और विभागीय अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से संचालित होगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उक्त समस्त योजनाओं का लाभ समस्त पात्र आदिवासी हितग्राहियों को मिल पाए। कार्यक्रम में सभी सरपंचो के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र बंजारे ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में बारीकी से अवगत कराते हुए कहा कि आप सभी शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लेने से न चूकें, क्योंकि बहुत सारी योजना का लाभ हमारे ग्रामीण अंचल के लोग नहीं ले पाते है।

### विभागवार बताई गईं योजनाएं

कार्यक्रम में बरहेली सरपंच प्रिया दुष्यंत, दमकसा सरपंच सुनीता बोगा एवं भंडारडिगी सरपंच रमुला नरेटी, ग्राम पटेल मुरहा राम, नेमचंद दर्रो, बीरेंद्र देहारी, ग्रामवासी सहित स्वास्थ्य विभाग, कृषि, पशुपालन, वन, राजस्व, बिजली एवं महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारियों ने अपने अपने विभाग की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन मनोहर चंद्रवंशी कृषि विस्तार अधिकारी ने किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

